पुरानी बोतल में नकली शराब! कोडरमा पुलिस के शिकंजे आया माफिया - Police bust gang

**कोडरमा:** जिला में जयनगर थाना क्षेत्र के योगियाटिल्हा में पुलिस ने नकली अंग्रेजी अवैध शराब तैयार करने के मामले का भंडाफोड़ किया है. इस मामले में नकली शराब तैयार करने वाले गोविंद रजक को मौके से गिरफ्तार किया है

गोविंद रजक अपने घर में शराब की पुरानी बोतलों में नकली शराब भरकर उसकी सप्लाई किया करता था. पुलिस ने उसके घर से तैयार नकली शराब की बोतलों के अलावा शराब की पुरानी बोतल और सील करने वाले नए ढक्कन भी बरामद किए हैं. गोविंद रजक शराब की पुरानी बोतलों में स्पिरिट और अन्य सामग्री मिलाकर उसे अपने घर में ही तैयार करता था. जिसकी सप्लाई बिहार के अन्य जिलों में की जाती थी. लंबे समय से वह अपने घर में नकली शराब तैयार कर रहा था, जिसकी भनक लगते ही पुलिस टीम ने उसके घर पर छापेमारी की और शराब बनाने के मामले का भंडाफोड़ किया. शराब की पुरानी बोतलों में नकली शराब भरकर उस पर नए ढक्कन और झारखंड उत्पाद का स्टीकर चिपकाए जाता था ताकि उसे असली अंग्रेजी शराब का स्वरूप दिया जा सके.

इस मामले की जानकारी देते हुए एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि इस मामले में और लोगों की संलिप्ता की बात सामने आई है, जिसे लेकर गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है. शराब की पुरानी बोतलों की आपूर्ति करने के साथ-साथ झारखंड उत्पाद का स्टीकर और बोतलों के ऊपर लगाए जाने वाला ढक्कन गोविंद रजक तक कैसे पहुंचता था, इसकी भी जांच पुलिस कर रही है. नकली शराब तैयार करने से लेकर बिहार तक उसकी सप्लाई करने में एक पूरा गिरोह काम कर रहा था, इसके बारे में भी गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/police-bust-gang-making-fake-english-illegal-liquor-in-koderma-jharkhand-news-jhs24090607643